Sl. No.	States/UTs	Robbery in Running Trains	Name of the place	Name of the Train	No. of Persons Arrested
		(xv)	Between Damdam and Bidhanagar	Dn-Ranaghat Local	0
		(xvi)	Between Shamuktala and Nonai Bridge	DN-5715 Tejpur-S. Pur	1
		(xvii)	Kharagpur PF No. 3	UP-Gumo Passenger	0
	TOTAL	58			43

N.B. 1. There are no Railways in A and N Islands, Arunachal Pradesh, Daman and Diu, Dadra and Nagar Haveli, Lakshadweep, Meghalaya and Sikkim.

2. Details have not been received from Bihar, Delhi and Maharashtra.

3. NA Stands for not applicable.

दिल्ली पुलिस के थानाध्यक्ष

1597. **श्री मुनव्वर हसन:** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिल्ली पुलिस के उन थानाध्यक्षों का ब्यौरा क्या है जो लगातार पांच वर्षों से अधिक समय से विभिन्न थानों में थानाध्यक्ष रहे हैं;

(ख) थानाध्यक्ष स्तर के उन कर्मियों का ब्यौरा क्या है जो कभी भी थानाध्यक्ष नहीं रहे; और

(ग) पांच वर्षों से अधिक समय तक एक स्थान पर थानाध्यक्ष रहे कर्मियों को स्थानान्तरित करने के लिए सरकार द्वारा कौन-कौन से कदम उठाए जा रहे हैं?

गृह मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी): (क) इस समय केवल एक निरीक्षक (कार्यकारी) ही ऐसा है जो पांच वर्ष से अधिक समय तक थाना प्रभारी के रूप में लगातार तैनात रहा हो।

(ख) और (ग) दिल्ली पुलिस में ऐसे 453 निरीक्षक (कार्यकारी) हैं, जिन्हें थाना प्रभारी के रूप में कार्य करने का अब तक एक भी मौका नहीं मिला है। यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि केवल प्रमाणित योग्यता के अधिकारियों को ही थाने का अध्यक्ष बनाया जाए। इसके अलावा, पुलिस थानों की तुलना में निरीक्षकों (कार्यकारी) की संख्या अधिक होने के कारण, इन सभी को थाना प्रभारी की ड्यूटियां सौंपना संभव नहीं है।

काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस में डकैती

1598. **श्री रामजीलाल:** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान 13 जनवरी, 1999 के राष्ट्रीय सहारा में "काशी विश्वनाथ ट्रेन में 4 लाख की लूट" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) यदि हां, तो रेलगाड़ियों में लूटपाट की बढ़ती हुई घटनाओं को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या-क्या प्रभावी कदम उठाये गये हैं और उनके क्या परिणाम निकले;

(ग) क्या सरकार पीड़ितों को कोई मुआवजा देती है; यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) विगत आठ महीनों के दौरान रेलगाड़ियों में लूटपाट की कितनी घटनायें हुई हैं और उनका राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

गृह मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी): (क) जी हां, श्रीमान।

(ख) से (ग) चलती रेलों में हुए अपराधों को दर्ज करना, उनकी जांच-पड़ताल करना तथा पता लगाना और उनकी रोकथाम करना राजकीय रेलवे पुलिस (जी॰आर॰पी॰) की जिम्मेदारी है, जो संबंधित राज्य सरकारों के नियंत्रणाधीन कार्य करती है। केन्द्रीय सरकार समय-समय पर, राज्य सरकारों को रेल यात्राओं के दौरान यात्रियों और उनके सामान की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कदम उठाने की सलाह देती आई है। केन्द्रीय सरकार द्वारा सुझाए गए उपायों में अन्य बातों के साथ-साथ, जी॰आर॰पी॰ और रेलवे सुरक्षा बल (आर॰पी॰एफ॰) के बीच नियमित रूप से बैठकें करने की जरूरत, चलती रेलों में चल-पुलिस बल तैनात करना, पुलिस एस्कोर्ट और रेलवे स्टाफ के बीच तालमेल में सुधार लाना, अनधिकृत फेरी वालों, शरारती तत्वों तथा अन्य आवंछित तत्वों आदि को हटाना शामिल है।